Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 28-05-2023 | अंक 577

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**अपेम लाइव : लातेहार**


लातेहार : सीआइसी सेक्शन के बरवाडीह–बरकाकाना रेलखंड अंतर्गत रिचूघूटा स्टेशन के समीप पोल संख्या 202/29 एवं 202/33 ट्रेन से कटकर एक वृद्ध की मौत हो गई । मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के ग्राम रिचूघूटा निवासी मोहन सिंह उम्र 55 वर्ष पिता स्वर्गीय नेमा सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वृद्ध श्री सिंह देर रात घर से टहलने के लिए निकला था, इसी दौरान रेल पटरी को पार करते वक्त वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिसके कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वही जानकारी मिली कि वृद्ध नींद में चलने की बीमारी भी थी, बता दें की वृद्ध जीविकोपार्जन के लिए रेलवे साइड़ में मजदूरी का कार्य किया करता था। घटना की जानकारी तब मिली जब अहले सुबह कुछ मजदूर रेलवे ट्रैक पर काम करने निकले, जिसके बाद कुछ मजदूरों ने इसकी सूचना आरपीएफ को दी। वही आरपीएफ के जवानों ने सारी घटना की जानकारी लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार को दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं घटना के बारे में जानकारी परिजनों से प्राप्त की।थाना प्रभारी श्री कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा उसकी मौत किस प्रकार हुई। इधर इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।उधर पुलिस ने मामला यूडी कांड संख्या में दर्ज कर लिया हैं।

### नहाने के दौरान नदी में डूबने से युवक की मौत



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : सदर थाना क्षेत्र के धनकारा गांव में खिखिर नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गयी।युवक की पहचान धनकारा गांव निवासी सामजीत सिंह (35) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार शाम सामजीत सिंह अपने छोटे बेटे के साथ खिखिर नदी में नहाने गये थे। नहाने के दौरान सामजीत को नदी की गहरायी का पता नहीं चला और वह गहरे पानी में चला गया। जिससे वह नदी में डूब गया। अपने पिता को डूबता देख उसका बेटा रोते–रोते गांव पहुंचा और परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजन और अन्य ग्रामीण आनन–फानन में वहां पहुंचे और उसे पानी से बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गयी थी। सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार दल–बल के साथ गांव पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध सदर थाना में एक यूडी केस दर्ज किया गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो–रो कर हाल बुरा है।




# मछली लदे पिकअप की लूट, घटना में शामिल पाँच आरोपी गिरफ्तार

## योजना बनाकर रात्रि में घटना को दिया अंजाम, महज दो घंटे में पुलिस के गिरफ्त में आये आरोपी, पिकअप बरामद










**अपेम लाइवः चौपारण**

जीटी रोड पर आपराधिक घटनाओ को अंजाम देने वाले एक गिरोह को चौपारण पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मछली लदे पिकअप वाहन सहित लूट कर भाग रहे पाँच आरोपियो को चौपारण पुलिस ने महज दो घण्टे के भीतर पकड़ कर आपराधिक घटना पर लगाम लगाया। घटना के संदर्भ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए सर्किल इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा व चौपारण थाना प्रभारी शम्भू नंद ईश्वर ने बताया कि जीटी रोड पर बीते मध्य रात्रि अज्ञात अपराधियों द्वारा एक मछली लदे पिकअप वाहन संख्या डब्लू बी 37 ई 1562 को लूटकर भागने की घटना का प्रतिवेदित हुवा। पिकअप वाहन के उपचालक प्रदीप ढिबर आसनसोल, पश्चिम बंगाल के फर्दब्यान के आधार पर चौपारण थाना कांड सख्या 197/23 धारा 395/397 दर्ज करते हुए पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को सूचना दिया गया। उपचालक से पूछताछ में पता चला कि बंगाल से मछली लोड कर पटना बिहार जा रहा था। इसी बीच चौपारण थाना अंतर्गत केंदुवा मोड़ के समीप बलेनो सख्या जेएच 02 एवाई 6020 पर सवार अपराधकर्मी द्वारा मछली लदे पिकअप को पीछा करके सियरकोनी के पास ओभरटेक करके रोका गया। चालक को मारपीट कर बेहोश कर दिया व उपचालक को मारपीट कर घायल कर दिया। अपराधियो ने उक्त पिकअप को जप्त कर इटखोरी के तरफ भाग गए। मामले को गंभीरता से लेते चौपारण पुलिस की टीम ने सूझबूझ पे त्वरित कार्यवाई करते हुए महज दो घण्टे के अंदर पिकअप सहित मछली व घटना में शामिल पांचों आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया।

### इटखोरी व चौपारण के है आरोपी, जप्त हुवा मोबाइल

पकड़े गए आरोपियो में तीन हजारीबाग जिला व दो चतरा जिले का है। गिरफ्तार युवकों में अनिल नारायण गुप्ता पिता नारायण हलुवाई, नीतीश कुमार दाँगी पिता विजय दाँगी दोनो इटखोरी के रहने वाले है। वही मिथलेश कुमार पिता प्रेम महतो, सरवन कुमार पिता सुधीर महतो दोनो ग्राम पंचायत बेला व सूरज दांगी पिता नंदलाल दांगी, सूजी चौपारण के रहने वाले है। इस दौरान पुलिस ने चार मोबाइल फोन भी जप्त किया है।

3. चार मोबाईल सेट ।

1. मिथलेश कुमार पे0– प्रेम महतो सा0 ग्राम बेला, थाना– चौपारण, जिला– हजारीबाग 3. सरवन कुमार पे0 सुधिर महतो सा0– बेला थाना चौपारण, जिला– हजारीबाग। 4. सुरज कुमार पे0– नंदलाल दांगी सा0 सुजी थाना चौपारण, जिला– हजारीबाग। 5. नितिश कुमार दांगी पे0– विजय कुमार दांगी सा0 इटखोरी थाना इटखोरी, जिला– चतरा ।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मलकोको में विभिन्न समस्याओं को लेकर आमसभा का आयोजन, जिला जीप उपाध्यक्ष को सौंपा मांगपत्र





**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के गौमदवाटांड़ में जगदीश कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न समस्याओं को लेकर आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमे जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव शामिल हुए। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने जिला जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेशाध्यक्ष किशुन यादव को विभिन्न मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा।

1. संजय राणा के घर से लेकर कोतराटांड़ तक मिट्टी मोरम रोड का निर्माण

2. इशाक मियां के घर से लेकर सदीक मियां के घर तक नाली निर्माण

3. मनोज मियां के घर से लेकर अंबेडकर स्कूल तक सड़क का निर्माण

4. कोनिया एवं बेलागडहा में छठ घाट का निर्माण

5. बरसाती नदी में शमशान घाट का निर्माण

6. सद्दाम अंसारी के घर से लेकर महेश राणा के घर तक मिट्टी मोरम रोड का निर्माण

7. मुस्ताक अंसारी के घर से लेकर उत्क्रमित विद्यालय तक पीसीसी पथ का निर्माण

8. सुनील राणा के घर से लेकर पुराना कब्रिस्तान तक मिट्टी मोरम का सड़क निर्माण करने को लेकर ग्रामीणों ने मांग पत्र सौंपा है। मौके पर केदार राणा, विजय राणा, हीरालाल राणा, दिनेश राणा, रंजीत यादव, मुकेश ठाकुर, गुलाब दास, दुगलाल ठाकुर, किशुन सिंह, मेघलाल सिंह, मुस्ताक अंसारी, संदीप यादव, सूरज दास, जिब्राइल अंसारी, बैजनाथ राणा, दुर्गेश ठाकुर, मंजू देवी, मीना देवी, पार्वती देवी, लीलावती देवी, सुदामा देवी, कंचन देवी, चेतनी देवी, सखी मोसोमात सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## बरही : भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' , पूर्व विधायक हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरही**



बरही धनबाद रोड में स्थित भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 101 वें संस्करण को बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की उपस्थिति में भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता ने सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में मौजूद पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की देश की यह कार्यक्रम देश के जनजन को आत्मगौरव और स्वाभिमान से भर देता है। साथ ही साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के कार्यक्रम को खास बताते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के जरिए आम लोगों से सीधा जुड़ते है। जिसका उद्देश्य देश की उपलब्धियों पर विचार करने का क्षण होता है। अधिकांश लोग पीएम मोदी से सीधा संवाद करते है। अपने कामों से देश में छाप छोड़ने वाले लोग अपने अनुभव साझा करते है और नए भारत के विचार के निर्माण में योगदान देते है। वहीं इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रीति गुप्ता, नागेश्वर रजक, नंदकिशोर कुमार, मनोज उपाध्याय, सचिन यादव, मनोज राणा, गगन निषाद, अनुज रविदास, दुर्गा प्रसाद, दीपक भगत, सुखदेव राणा, अशोक साव, सुबोध सिंह एवं प्रसाद कुमार सहित कई अन्य मौजूद थे।

## नेतरहाट मुखिया ने सिरसी स्कूल भवन निर्माण की जांच हेतु महुआडांड़ एसडीओ को दिया आवेदन

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड के अंतर्गत नेतरहाट का राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिरसी भवन का लाखों की लागत निर्माण कराया जा रहा है. किंतु भवन के निर्माण में संवेदक द्वारा अनियमितता और घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसे लेकर सिरसी गांव के ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत नेतरहाट के मुखिया रामबिशुन नगेसिया से की गई. मुखिया द्वारा स्कूल भवन निर्माण स्थल पर पहुंच औचित्य निरीक्षण किया गया। वही शनिवार को नेतरहाट मुखिया के द्वारा स्कूल भवन निर्माण की जांच हेतु महुआडांड़ एसडीओ नीत निखिल सुरीन को आवेदन दिया गया। सिरसी में होमस्टे की सुविधा बहाल की जा रही हैनेतरहाट झारखंड के प्रसिद्ध एवं सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में जाना जाता है, नेतरहाट के सूर्योदय और सूर्यास्त का नजारा देखने राज्य ही नहीं देश विदेश से पर्यटक आते है, तीनों मौसम में पर्यटक नेतरहाट की खूबसूरत वादियों को निहारने आते हैं, सरकार द्वारा नेतरहाट को ए श्रेणी (अंतर्राष्ट्रीय महत्व) के पर्यटन स्थल में रखा गया है, वही इतना ही नहीं सिरसी गांव में होमस्टे की सुविधा बहाल की जा रही है, देश विदेश से आने वाले पर्यटक झारखंड की संस्कृति एवं खानपान-रहन-सहन को बहुत करीब से आदिवासीयों के बीच रहकर महसूस कर सकेंगे व जान पाएंगे।84.25 प्रतिशत आदिम जनजातिय बिरिजिया समुदाय के लोगलातेहार जिला आदिवासी बहुल क्षेत्र है, 5वीं अनुसूची क्षेत्र में आता है, यहां 5वीं अनुसूची का प्रावधान लागू है. वही 2011 जनगणना के अनुसार राजस्व ग्राम सिरसी की जनसंख्या 635 है,535 लोग आदिवासी है, 84.25 प्रतिशत आदिम जनजातिय बिरिजिया समुदाय के लोग निवास करते है।ऐसे निर्माण से भविष्य में अनहोनी होने कि संभावनारू मुखिया नेतरहाट मुखिया रामबिशुन नगेसिया ने बताया ग्रामीणों द्वारा जब अनियमित की जानकारी देने के बाद मुखिया होने के नाते अपने कर्तव्य एवं दायित्व का निर्वाहन करते हुए मेरे द्वारा स्कूल भवन निर्माण कार्य स्थल के निरीक्षण के दौरान पाया कि कार्य में हकीकत घटिया समान का उपयोग किया जा रहा है. ऐसे निर्माण कार्य से भविष्य में किसी भी तरह की अनहोनी होने कि संभावना है।इस संबंध में एसडीओ नित निखिल सुरीन ने कहां कि आवेदन प्राप्त हुआ है, बहुत जल्द इसकी जांच होगी, जांच के उपरांत दोषी पाए जाने पर उचित कार्यवाही होगी।

## लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बरही के प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने किया बैठक, कांग्रेसी उम्मीदवार को जीतने पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**


बैठक में शामिल कांग्रेसी

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के चुनावी रणनीति को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप के पंचमाधव स्थित निजी आवास पर बरही के वरिष्ठ प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने एक महत्वपूर्ण बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता बासुदेव यादव (धनवार) व संचालन नरेश सिंह ने किया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में बरही विधानसभा से कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत कैसे प्राप्त हो, इस पर गहन विचार विमर्श किया गया। घंटों चली इस मैराथन बैठक में सभी कॉन्ग्रेस नेताओं ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया की हजारीबाग लोकसभा की सीट कांग्रेस पार्टी के झोली में जाए , इसके लिए व्यापक रणनीति बनाई जाएगी। कांग्रेस नेता नरेश सिंह ने बताया है कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार किया जा रहा है । जिसका आधिकारिक जानकारी अगले बैठक में दी जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप, बासुदेव यादव (धनवार) यमुना यादव, मनोज कुमार मुखिया करियातपुर ,कुणाल कतरियार, नरेश सिंह ,प्रमोद सिंह, गाजो यादव, सुशील केसरी उर्फ नुनु ,मास्टर शरीफुल हक पी हाइड्रोलिक के प्रोपराइटर प्रयाग यादव, मोहन प्रजापति, द्वारका रविदास ,राजू राणा सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर बाजार में हरिनाम संकीर्तन

### हरे राम, हरे कृष्ण के संकीर्तन से गुंजा चौपारण

**अपेम लाइव : चौपारण**



आगामी बीस जुन को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा यहां महोत्सव को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार आरंभ किया गया है । रथयात्रा कात्यायनी मंदिर,चौथी मोड से मौसीबाड़ी हनुमंत मंदिर, गढ्काली,बिगहा तक चलेगी जिसमें हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु भक्तों को आमंत्रित किया गया हैं। पूरे पांच दिनों तक अनेक धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन होंगे। फिर घुमती रथयात्रा से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा वापस सियरकोनी मंदिर में स्थापित हो जायेंगे। समस्त आयोजनों में सपरिवार सहभागिता को लेकर हर घर तक पहुंचने और आमंत्रण करने का लक्ष्य है। इसी कडी में चतरा रोड शिव मंदिर के समीप से संध्या चार बजे पूरे बाजार में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन के माध्यम से सबको आमंत्रित किया गया । इस बात की जानकारी देते हुए आयोजक डॉ केशवानंद प्रभु, संजय सिंह, अभिषेक सिंह ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि पचास हजार से अधिक भक्त जुड़े। इस आयोजन को चौपारण की पहचान बनायेंगे। इस दौरान दोपहर से देर शाम तक हरिनाम संकीर्तन चतरा मोड, ब्लाक मोड, चौथी मोड तक गुंजता रहा। हरे राम, हरे कृष्ण के मंत्र के साथ भक्त नाचते गाते रहे। बताया गया कि रविवार को वृहद बैठक के माध्यम से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास होगा।

पुनः 28 मई को सियरकोनी मंदिर में बडी बैठक आयोजित की गई है जिसमें आपकी सहभागिता आवश्यक है। बैठक में आयोजन की रुपरेखा के साथ जवाबदेही का विस्तार होगा। अतः आज संध्या कीर्तन तथा कल संध्या चार बजे से सियरकोनी जगरनाथ मंदिर बैठक में सादर सपरिवार आमंत्रित हैं। भव्य रथ बनने का काम भी आरंभ हो चुका है।

## ओबीसी आरक्षण दो नहीं तो लातेहार से राजनीतिक करना बंद करो : शत्रुघ्न प्रसाद

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार समेत राज्य के सात जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य करने के विरोध में ओबीसी मोर्चा ने विधायक के आवास का घेराव किया ।इस दौरान मोर्चा ने लातेहार विधायक बैद्धनाथ राम और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह का आवास को घेरा। लातेहार विधायक आवास घेराव करने से पूर्व ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद के नेतृत्व में एक जुलूस शहर के कारगिल पार्क से शुरू होकर शहर के थाना चौक मेन रोड होते हुए धोबी मुहल्ला स्थित विधायक आवास पहुंची ।इस अवसर पर ओबीसी समुदाय के लोगों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि जो ओबीसी की बात करेगा, लातेहार में वही राज करेगा। जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा,अगर लातेहार में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण नहीं दिया गया तो ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। विधायक आवास में विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार को जिला अध्यक्ष समेत पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, राजधनी प्रसाद यादव, त्रिवेणी साव, राजू रंजन प्रसाद व रामप्यारे प्रसाद ने एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि लातेहार में 50 प्रतिशत से अधिक ओबीसी के लोग निवास करते हैं। बावजूद इसके ओबीसी को जिला रोस्टर में आरक्षण शून्य कर दिया गया है। ज्ञापन में 17 मार्च 2023 को जारी इस अधिसूचना को तत्काल रद्द करने, देश में जातीय जनगणना करने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव देने की मांग की गयी ।इस घेराव कार्यक्रम में रामप्यारे प्रसाद, गोविंद प्रसाद, अभिनंदन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, धर्मेंद्र साहू, विकास जयसवाल, आशीष कुमार, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, गया प्रसाद, राजू रंजन प्रसाद, आदित्य प्रसाद, मीनू गुप्ता, अरविंद चंद्रवंशी, भूपेंद्र चंद्रवंशी, बलराम यादव, रमेश यादव, बद्री प्रसाद व रामहरि प्रसाद सहित काफी संख्या में उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सूर्य मंदिर धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित

### योग करने से लाभ मिलता है मनुष्य निरोग रहता है : प्रोफेसर सुरेश





**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव : सूर्य मंदिर धर्मशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत करणपुरा महाविद्यालय के स्वयंसेवकों का चौथे दिन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को विशेष शिविर में लक्ष्य दृ गीत, प्रार्थना एवं योग से हुई। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने संचालन किया। योग के प्रशिक्षक श्रीकांत निराला एवं प्रोफेसर ललिता कुमारी थे। योग का अर्थ अपने शरीर को मस्तिष्क के साथ जोड़ना है एवं अपने आत्मा को परमात्मा से जोड़ना है ,जो योग करने से लाभ मिलता है। योग करने से मनुष्य नि. रोग रहते हैं, योग में पवनमुक्त आसन, ताड़ासन ,वृक्षासन आदि योग संबंधी प्रशिक्षण दिया गया । दूसरे सत्र का विषय जीवन कौशल प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण की आवश्यकता के अनुसार अपने को ढालना और सकारात्मक करने की योग्यता कौशल व्यवसायिक कौशल, जीवन का कौशल साथ ही कुछ जीवन कौशल जैसे दृ जागरूकता , आलोचनात्मक सोच, रचनात्मक सोच, समस्या का समाधान करना, प्रभावी संप्रेषण एवं भावना प्रबंधन आदि चर्चा करते हुए कहा कि मानव जीवन कौशल अपना जीवन प्रगति कर सकता हैस पत्रकार पवन कुमार सिन्हा ने ग्राम पंचायत के उपलब्धियों एवं वार्ड सदस्य पंचायत समिति एवं मुखिया के दायित्व पर प्रकाश डाला मौके पर प्राचार्य प्रोफेसर कीर्तीनाथ महतो, प्रो. लालदेव महतो, प्रो पवन कुमार, प्रोफेसर ललिता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर एवं स्वयंसेवकों में संदीप कुमार, विश्वनाथ कुमार, शिवम कुमार, सुजीत बिरहोर, विद्या ,बबीता सुमन आदि उपस्थित थे

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत एलपीएल टूर्नामेंट का अभ्यास शुरू

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : गारू प्रखंड के बारेसांढ़ थाना क्षेत्र तथा गारू थाना क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लातेहार पुलिस लीग अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर बारेसांढ़ खेल स्टेडियम तथा गारू +2 विद्यालय के मैदान में क्रिकेट टीम का ट्रायल और नेट प्रैक्टिस शुरू हो गया है। बारेसांढ़ थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव नें स्टेडियम में प्रतिभागियों को स्पोर्ट्स किट्स देकर प्रोत्साहित किये वहीं गारू थाना प्रभारी राजीव भगत भी अपने कार्यक्षेत्र के खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए प्रेरित किये। थानेदार रंजीत कुमार यादव नें बताया कि ट्रायल के बाद टीम क्रिकेट टीम लातेहार पुलिस लाइन में अगले महीने होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। पुलिस द्वारा इसके लिए क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को प्रैक्टिस शुरू करा दिया गया है। टीम को कीट्स भी मुहिया कराई गई है। उन्होने अंडर 19 के अन्य क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से भी टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए नेट प्रैक्टिस करने की अपील की है। मौके पर एसआई पवन कुमार रजक, तथा कई अभिभावक मौजूद थे।






# पढ़ाई, दवाई और न्याय आम आदमी के पहुंच से दूर : अमित

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : शहर के चटनाही स्थित आजसू पार्टी जिला कार्यालय में रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने किया।बैठक में जिले में विभिन्न समस्याओं समेत पांच जून को आजसू पार्टी के तीन दिवसीय धरना की तैयारियों पर चर्चा हुई। मौके पर संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि पढ़ाई,दवाई और न्याय आम आदमी के पहुंच से दूर होकर मंहगा हो गया है। जिले के सबसे बड़े सदर अस्पताल में वर्षो पहले अल्ट्रासाउंड का मशीन खरीदा गया है पर उसे निजी संस्थानों के दबाव के कारण उस मशीन को चलाने वाला की नियुक्ति नही हो रही है। जिले कि शिक्षा व्यवस्था इतना लचर है कि पैसा खर्च करने के बाद भी मैट्रिक व इंटर का रिजल्ट में जिला 20 वें नंबर पर पहुंच गया है।न्याय के मामले में आजसू का आंदोलन लगातार चल रहा है। वहीं अंचल कार्यालय से त्रस्त लोग रोज आजसू कार्यालय पहुंच रहे है। 6 अप्रैल को एक दिवसीय धरना के माध्यम से दर्जनों आवेदन सौंपा गया था, लेकिन जिला प्रशासन सोया हुआ है। आगामी पांच जून को एक विशाल जनआक्रोश रैली निकाला जाएगा। जिसमे विभिन्न जिलों से आजसू पार्टी के नेता शामिल होंगे और भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज बुलंद करेंगे। इस तीन दिवसीय धरना में लातेहार की आवाज को बुलंद किया जाएगा और आजसू निर्णायक लड़ाई की और बढ़ेगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान, संजय तिवारी, प्रीतम गुप्ता, जैनुल अहमद, नब्बू भुइयां, नंदकिशोर यादव, ताज मोहम्मद, डोमन यादव, अनुज प्रसाद, युगेश राम, सुनील भुइयां समेत कई लोग उपस्थित थे।

# संत जेवियर्स महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा महोत्सव संपन्न

**अपेम लाइव : लातेहार**




महुआडांड़/लातेहार : संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ में आयोजित तीन दिवसीय युवा महोत्सव के अंतिम दिन जोश, जुनून, सकारात्मक ऊर्जा और ज्ञानवर्धक रहा। युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और सफलता प्राप्त शक्सियतों को सुनने का मौका मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बिशप थिओडर मैस्क्रेनस उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस ने बताया की इस युवा महोत्सव में हजारों छात्र -छात्राओं ने भाग लिया और व्यक्तित्व विकास तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने के मंत्र सीखें। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा से ही व्यक्ति निर्माण किया जा सकता है तथा सोसाइटी ऑफ जीजस समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचाने को लेकर प्रयासरत है। उन्होंने नई शिक्षा नीति से होने वाले लाभों को भी बताया।इस अवसर पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए साथ ही युवा वर्ग को अपने राजनीतिक आधिकार और दायित्वों के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों के पतन, भ्रष्टाचार तथा बदले की राजनीति पर चिंता व्यक्त की और आह्वान किया की युवा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव के वाहक बने। रांची के सीनियर एडवोकेट संदीप उरांव ने युवाओं को विभिन्न कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। इस दौरान कैप्टन जैसन ने युवाओं में जोश जुनून और सकारात्मक विचार भरने का काम किया तथा अपने लक्ष्य की ओर सतत रुप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, रैंप वॉक,भाषण और वाद - विवाद प्रतियो. गिता का अयोजन भी किया गया साथ ही विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। अंतिम दिन महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रों का एक बैठक भी आयोजित किया गया जिसमें श्एलुमिनी एसोसिएशनश को मजबूत करने और महाविद्यालय के विकास में भूतपूर्व छात्रों की सक्रिय भागीदारी पर भी चर्चा की गई।वहीँ प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस ने सभी अतिथियों के प्रति हृदय से आभार तथा धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य सिस्टर कैसलीन जुलियट, डॉ समीर टोप्पो, डॉराजीप तिर्की, प्रो जफर इकबाल, सिस्टर ज०ली थॉमस, सिस्टर चंद्रोदया, अमृत मिंज, रोज एलिश आदि उपस्थित थे।

# सड़क जाम किए जाने के बाद हटाया गया सड़क पर गिरा बरगद का पेड़

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**



सड़क दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों के हंगामे के बीच प्रशासन द्वारा 28 घंटे बाद शनिवार की देर रात को विष्णुगढ़-बगोदर रोड़ स्थित अलपीटो में गिरे बरगद के पेड़ को हटाया गया। इस दौरान दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। ग्रामीणों को शांत कराने में भी प्रशासन को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दें कि एनएच 522 के अलपीटो में शुक्रवार की शाम 7 बजे बरगद का एक विशाल पेड़ हाइवे पर धराशाई हो गया था। जिससे कुछ देर के लिए हाइवे पर लंबा जाम लग गया था। स्थानीय ग्रामीणों के प्रयास से गिरे हुए पेड़ की कुछ टहनियों को छांटकर हटाए जाने के बाद एक किनारे से वाहनों का परिचालन होने लगा। पेड़ के मोटा तना को बिना क्रेन के सड़क से हटाना संभव नहीं था। स्थानीय ग्रामीण प्रशासन से सड़क से पेड़ को हटाने की मांग करते रहे, मगर प्रशासन ने किसी तरह से गंभीरता नहीं दिखाई। इस बीच शनिवार की शाम में उसी पेड़ से टकराकर बाइक सवार स्थानीय भोला सिंह तथा राजू रविदास गंभीर रुप से घायल हो गए। इसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और वि. रोध में सड़क जाम कर दिया। मौके पर प्रशासन तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी हुई। आक्रोशितों का कहना था कि समय रहते यदि रोड पर गिरा पेड़ हटा लिया जाता तो दुर्घटना नहीं होती। काफी देर तक हो-हंगामे के बाद ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ तब प्रशासन द्वारा रोड पर गिरे पेड़ को हटाया गया। वर्ष 2020 के एक जनवरी को उसी जगह सड़क किनारे ब्रेकडाउन खड़ी हाइवा से टकराकर बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई थी और तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए थे।

# तीसरे दिन भी ग्रामीणों ने 132 केवीए बिजली लाइन टावर निर्माण कार्य के समक्ष दिया धरना

**अपेम लाइव : लातेहार**




महुआडांड़/लातेहार : प्रखंड के अंतर्गत चौनपुर सबग्रिड में सप्लाई हेतु 132 केवीए बिजली लाइन के टावर निर्माण की बाधा खत्म होने का नाम नही ले रहा है, तीसरे दिन रविवार को भी कार्य स्थल के पास ग्रामीणों ने धरना दिया. कीता, कुरो कला, कुरो खुर्द ग्राम के ग्रामीण अपने मांग पर अड़े रहे, कहा कि 132 केवीए बिजली तार का रूट बदल दूसरी तरफ से ले जाये, गांव के पुरुष एवं महिला भारी संख्या में टावर निर्माण स्थल के ठेकेदार द्वारा किये जा रहें,गड्ढे के समक्ष बैठकर अपनी मांग लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया, कहा कि जब तक हमारी इस समस्या का समाधान नही निकल जाता है, और जब-जब कार्य किया जायेगा तब हम आकर बैठ धरना देगें।ज्ञात हो कि टावर निर्माण की बाधा खत्म को खत्म करने के उद्देश्य से शनिवार को महुआडांड़ एसडीओ नीत निखिल सुरीन अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई थी, इस बैठक में डीएसपी राजेश कुजूर, बीडीओ सह सीओ अमरेन डांग, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, एसआई रोशन कुमार, परहाटोली पंचायत मुखिया रीता खलखो, पंचायत समिती सदस्य निर्मला टोप्पो व बिजली विभाग के कर्मी एवं संवेदक मौजूद थे, लेकिन फिर भी कोई समाधान नही निकला। ग्रामीणों के विरोध के कारण टॉवर निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण चौनपुर ग्राम में बनाए जा रहे सब ग्रिड में लाइन सप्लाई का कार्य पूरा नही हो पा रहा है। ग्रिड बन जाने से प्रखंड वासियों को बिजली समस्या से मिलेगी मुक्ति महुआडांड़ में नेतरहाट व डुमरी से बिजली आती है. इस बीच कहीं फॉल्ट होने पर दो से तीन दिन फॉल्ट खोजने में समय लग जाता है। इसके साथ मात्र 33 केवी लाइन से सप्लाई होने के चलते प्रखंड अंतर्गत 14 पंचायतों को बिजली आपूर्ति सुचारु रुप से नहीं होती है, जिसे देखते हुए उपभोक्ता की परेशानी को दूर करने के लिए पूर्व झारखंड सरकार के द्वारा 2018 में 132 केवीए विद्युत लाइन एवं चौनपुर में ग्रिड स्थापना की मंजूर दी गई है।

# पूर्व विधायक ने पवई यज्ञ पूर्णाहुति में आयोजित जागरण का किया उदघाटन

## भक्ति में शक्ति होती है और शक्ति से ही सबका कल्याण होता है : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**



पवई में आयोजित नौ दिवसीय महायज्ञ के पूर्णाहुति के अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण मंच का पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व भाजपा नेता सह झारखण्ड सेल बीजेपी मुम्बई के अध्यक्ष मनोज सिंह ने किया शुभारम्भ। पूर्व विधायक ने अपने भक्ति प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालुओं को खूब मनोरंजित किया। यज्ञ को सफल बनाने में लगे समस्त पूजा समिति के सक्रिय सदस्यों को पूर्व विधायक ने भगवा वस्त्र देकर सम्मानित किया। जागरण के मुख्य सूत्रधार कृष्णा सिंह, बहादुर सिंह व संजय साव को पूर्व विधायक ने किया सम्मा. नित। इससे पूर्व अतिथियो को भगवा वस्त्र देकर कार्यक्रम में स्वागत किया गया। मंच का संचालन डॉ बिके यादव ने किया। धनबाद से आये कलाकारों ने अपनी प्रदर्शन व जीवंत झांकियों से उपस्थित लोगों को खूब झुमाया। कार्यक्रम को सबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि भक्ति में शक्ति होती है और शक्ति से ही सबका कल्याण होता है। कहा भगवान को पाने के एकमात्र रास्ता भक्ति है। कहा पूरे नौ दिनों तक पवई के लोगों ने भक्तिभाव से ईश्वर का आराधना किया, निश्चित रूप से इसका फल पवई वासियो को मिलेगा। स्थानीय मुखिया रेखा देवी ने कहा कि पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल रहा। मौके पर जीप सदस्य राकेश रंजन, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, पूर्व मुखिया अनिल पांडेय, समिति सदस्य प्रतिनिधि मो अतहर, उपमुखिया संजय गुप्ता, समाजसेवी देवल यादव, अशोक सिंह, रामबिलास चनद्रवंशी, छोटू चनद्रवंशी, सुरेन्द्र यादव, राजेश यादव, बासुदेव यादव, दशरथ यादव, मुनेश्वर यादव, महेश साव, बिट्टू यादव, संजय गुप्ता, बासुदेव साव, सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## स्थानीय समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



मॉडर्न उच्च विद्यालय बड़कागांव में बिजली व स्थानीय समस्याओं को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य संघ के जिला महासचिव महेश प्रसाद साव एवं संचालन समाजसेवी लखींद्र ठाकुर ने किया। बैठक में बड़कागांव एवं केरेडारी के जनप्रतिनिधियों के अलावा कई ग्रामीणों ने भाग लिया। बिजली की आंख मिचौली पर गहन मंथन किया गया। साथ ही एनटीपीसी एवं इसके सहायक कंपनी त्रिवेणी सैनिक में रोजगार लेने संबंधित चर्चा की गई। टीम गठित कर सांसद, विधायक एवं अन्य आला अधिकारी से मिलकर समस्याओं का निदान निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में बादम में प्रधानमंत्री आवास न बनना एवं बड़कागांव में अंचलाधिकारी का न होने पर भी चर्चा की गई। बैठक संपन्न कराने में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम एवं समाजसेवी सोनू इराकी का अहम योगदान रहा। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया संघ के जिला महासचिव महेश प्रसाद साव, बड़कागांव प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, केरेडारी बेलतू पंचायत के मुखिया जितनी देवी, लखींद्र ठाकुर, अधिवक्ता अनुरूध कुमार, सोनू इराकी, रामसेवक महतो, रामचरित्र महतो, राजकुमार साव, मिथलेश कुमार, जनिसार आलम, रामकृपाल राणा, सबदर हुसैन, मो साबिर, आरती वर्मा, टेकलाल कु प्रजापति, अशोक महतो, अहद रजा, गीता देवी, आतो देवी, रूपा देवी, सालो देवी, बाशो देवी, फुलमतिया देवी के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव में दो दिवसीय जीपीडीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



प्रखंड के पंचायतों में विकास कराने योजना को लेकर सभागार भवन में जीपीडीपी को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस का समापन रविवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़कागांव प्रखंड प्रमुख फुलवा देवी एवं संचालन पंचायती राज्य समन्वयक आशीष कुमार पासवान ने किया। ट्रेनर आशीष कुमार पासवान के द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों पंचायत सेवक को पंचायत में विकास योजनाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई सभी पंचायत को बजट के अनुसार योजना कार्यकारिणी से पारित कर अ०नलाइन प्रविष्टि के लिए निर्देशित किया गया। मौके परप्रमुख फुलवा देवी , उप प्रमुख वचन देव कुमार, संचालक सह ट्रेनर आशीष कुमार पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ,पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ठाकुर, मुखिया तकरीमुउल्लाह खान, पारसनाथ प्रसाद ,कविता देवी, अनिकेत कुमार नायक, करम राम, कमला देवी, गीता देवी, सुलेखा कुमारी ,बेबी कुमारी, नीलम मींज, पंचायत सचिव जयप्रकाश पांडे, खुश नारायण मेहता, जगरनाथ सिंह यादव, धनेश्वर प्रसाद, जेएसएलपीएस के वर्कर ज्योतिषना कुमारी सिन्हा, प्रमिला देवी ,रूपाली देवी ,सोनी देवी के अलावा कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव मध्य पंचायत में चापाकल मरम्मत कार्य शुरू

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव मध्य पंचायत में पेयजल समस्या को दूर करने को लेकर 20 चापाकल का मरम्मत कार्य का शुरू हो गया है। इसका शुभारंभ विकास सिन्हा के घर के पास से मुखिया तकरीमुल्लाह पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ठाकुर एवं वार्ड सदस्य संजय कुमार की की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। उक्त खराब पड़े चापाकल को मरम्मत के बाद पानी चालू कराया गया जिसमें 30 घरों के परिवार के लोग लाभान्वित होंगे वही मस्जिद के समीप लालदेव पासवान के घर के पास खराब पड़े चापाकल को मरम्मत कर पानी चालू कराया गया यहां पर लगभग 40 हिंदू एवं मुस्लिम परिवार के लोग लाभान्वित होंगे। मुखिया तकरी मुल्लाह खान एवं पंचायत समिति सदस्य जगदीश ठाकुर ने कहा कि पंचायत में 20 खराब पड़े चापाकल का मरम्मत कराने का सरकार के द्वारा निर्देश दी गई है ।ताकि लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना नहीं पड़े। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मुखिया तकरीमुउल्लाह खान, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, वार्ड सदस्य संजय कुमार, इसके अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## पंचायत में राशन वितरण में गड़बड़ी रोकने को लेकर मुखिया ने डीलरों के साथ बैठक किया

**अपेम लाइव : बिरनी**



बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के अरारी पंचायत के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ मुखिया ने एक बैठक पंचायत भवन अरारी में सरकार के निर्देशानुसार किया जिसमें सभी सरकारी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया गया कि आप गरीबों का अनाज सही समय पर वितरण करे ओर कोई शिकायत नहीं मिलना चाहिए इस मौके पर अरारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव उप मुखिया जितेंद्र यादव पंचायत सचिव राजकुमार पासवान वार्ड सदस्य सुखदेव बैठा राजकुमार साव टुनटुन कुमार संजय कुमार वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अर्जुन यादव जगदीश बैठा मनोज शर्मा रामाशिस यादव सरफुदीन अंसारी सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ सभी वार्ड सदस्य का कमिटी बना दिया गया अब राशन वितरण वार्ड सदस्य के उपस्थिती में वितरण करेंगे।

## सरकार के गलत नीति के कारण पुनः उग्र हुए सहायक अध्यापक, बैठक कर बनाई आंदोलन की रणनीति

### हेमंत सरकार पारा शिक्षकों को ठगने का कर रही काम : संजय दुबे

**अपेम लाइव : बरही**



बैठक में शामिल सहायक अध्यापक

एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा कमेटी की बैठक अब्दुल कलाम पार्क बरही प्में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड सचिव मनोज कुमार घोष एवं मंच का संचालन दीपक कुमार यादव ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार दुबे जी उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य मुद्दा वेतनमान कैसे प्राप्त हो तथा संगठन को और कैसे मजबूत किया जाए। इस पर सभी सीआरसी अध्यक्ष ने अपना अपना मंतव्य दिया। संजय कुमार दुबे ने कहा कि जिस समय सरकार बनी थी उस समय कहा गया था कि 3 माह में सभी सहायक अध्यापकों का वेतनमान का मांग पूरा कर दिया जाएगा। परंतु साढ़े तीन साल व्यतीत हो गया । लेकिन अभी तक पारा शिक्षकों को वेतनमान प्राप्त नहीं हुआ है सभी सरकार तो ठगने का काम किया परंतु इस सरकार पर विश्वास था कि वेतनमान प्राप्त होगा । परंतु यह सरकार भी ठगने का काम किया है। सचिव मनोज कुमार घोष ने कहा कि सरकार अविलंब हम लोगों का चिर परिचित मांग,वेतनमान यथाशीघ्र सहायक अध्यापकों को देने का कार्य करें नहीं तो सरकार को उग्र आंदोलन का सामना करना पड़ेगा। बैठक में झारखंड सरकार से निम्न मांगों पर विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से मांग किया की प्रखंड के सभी सहायक अध्यापकों को वेतनमान, देने का कार्य किया जाए। सहायक अध्यापकों की मृत्यु की स्थिति में आश्रित को अनुकंपा, पर नौकरी देने का कार्य किया जाए। सेवानिवृत्त होने की स्थिति में लाभ, तथा इपीएफ का लाभ अति शीघ्र दिया जाए। सभी तात्कालिक समस्याओं का निदान नहीं होने से प्रखंड के सहायक अध्यापकों में आक्रोश है।।यदि मांगे पूरी नहीं होती है तो 17 जून को मुख्यमंत्री आवास घेरने का कार्यक्रम राज्य कमेटी के निर्देशानुसार तय किया गया। अंत में निचितपुर की शिक्षिका मुन्ना कुमारी के पति की अकासमात मृत्यु होने पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण रखा गया। आज की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय कुमार दुबे प्रखंड सचिव मनोज कुमार घोष सीआरसी अध्यक्ष दीपक कुमार यादव सुरेंद्र यादव रंजीत कुमार सिंह नसीम बानो राजेश प्रसाद यादव संतोष कुमार यादव महेश प्रसाद यादव दिनेश कुमार यादव नंदलाल राणा मोहम्मद अफरोज आलम अशोक कुमार मोहम्मद सुलेमान मोहम्मद रिजवान मोहम्मद सिराजुद्दीन अफताब अहमद महेश्वर प्रसाद यादव तो कल आजाद बहादुर राणा महेंद्र रविदास चंद्रकांत अकेला ब्रह्मदेव पासवान बिरेंद्र प्रसाद संजय कुमार सिंह मनोज ठाकुर नवरत्न कुमार ललिता कुमारी रिंकू कुमारी पुष्पा कुमारी सोनम कुमारी रेनू गुप्ता नसीमा परवीन कुमार रविदास एक लाल यादव सैकड़ों शिक्षक उपस्थित हुए।

